**दिनांक–30.07.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन विभाग एवं गृह (कारा) विभाग की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार

## बैठक की कार्यवाही

सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभाग द्वारा क्रियान्वित आपदा प्रबंधन विभाग एवं गृह (कारा) विभाग की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक में दिये गये महत्त्वपूर्ण निदेश निम्नवत् हैः–

## आपदा प्रबंधन विभाग

- कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, पटना द्वारा बताया गया कि एस0डी0आर0एफ0 वाहिनी मुख्यालय, बिहटा (पटना) के परिसर में स्थायी संरचनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में कुछ भवन हस्तगत हो चुके हैं। हस्तगत भवनों में विद्युत संबंधी जो भी कठीनाईयाँ है उसे अगस्त के प्रथम सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा।

  उपरोक्त योजना काफी विलम्ब से चल रहा है। अतः सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–3 को निदेश दिया गया कि मुख्य अभियंता (संरचना) के अधीन कार्यान्वित योजनाओं की अगली समीक्षात्मक बैठक में इस कार्य के संवेदक को भी बुलाना सुनिश्चित किया जाय, ताकि उनके साथ योजना की समीक्षा की जा सके।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, पटना/ कार्यपालक अभियंता, सरंचना प्रमंडल सं0–3**

- कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–3 के द्वारा बताया गया कि हस्तगत भवन में जो छोटे–छोटे कार्य है उसे प्राथमिकता देकर शीघ्र ठीक कर लिया जाएगा। प्रशासी विभाग से कुल Snag list एक साथ कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

  **अनुपालनः–प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–3**

- सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पटना सिटी को निदेश दिया गया कि District Emergency Response Facility-cum-Training Centre के निर्माण कार्य हेतु दूसरी जमीन जिला पदाधिकारी, पटना से समन्वय स्थापित कर चिन्हित किया जाए। जमीन उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में प्रशासी विभाग से पूर्व की प्रशासनिक स्वीकृति को रद्द करने का अनुरोध किया गया।

  **अनुपालनः–प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पटना सिटी**

## गृह (कारा) विभाग

- सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर, सीतामढ़ी, सिवान, गोपालगंज एवं दानापुर को निदेश दिया गया कि काराओं के अन्दर जो भी जीर्ण–शीर्ण संरचना है उन सभी का निस्तारण कार्य एक माह में संपन्न कराया जाय।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर/सीतामढ़ी/सिवान/ गोपालगंज/दानापुर**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कटिहार द्वारा बताया गया कि मंडल कारा, कटिहार में पुरूष कक्षपाल बैरक का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कटिहार**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शिवहर द्वारा बताया गया कि महिला कक्षपाल बैरक का निर्माण कार्य सितम्बर, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शिवहर**

- कार्यपालक अभियंता, भवँन प्रमंडल, गयाजी द्वारा बताया गया कि उपकारा शेरघाटी में पुरूष कक्षपाल बैरक का 20 प्रतिशत कार्य शेष है। महिला कक्षपाल बैरक का निर्माण कार्य रूका

हुआ है। कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि संवेदक के उपर यथोचित कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी द्वारा बताया गया कि केन्द्रीय कारा, गयाजी के 10—10 क्षमता के 15 अद्द शौचालय—सह—स्नानागार का निर्माण कार्य अगले 2 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग द्वारा बताया गया कि आर्दश केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना में 10—10 क्षमता के 15 अद्द शौचालय—सह—स्नानागार का निर्माण कार्य किया जाना है। स्थल उपलब्धता के अनुसार इनमें से 85 का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य 02 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा के द्वारा बताया गया कि मंडल कारा, शेखपुरा में 198 कैदी बैरक का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। कारा प्रशासन द्वारा हस्तगत नहीं लिया गया है। कारा प्रशासन द्वारा अतिरिक्त मिट्टी भराई करने को कहा जा रहा है। कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि अतिरिक्त मिट्टी भराई कार्य का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासी विभाग को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु उचित माध्यम से भेजा जाय।

**अनुपालनः—प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा के द्वारा बताया गया कि मंडल कारा, सहरसा में 3X198 बंदी कक्ष का संरचना कार्य पूर्ण है। शेष कार्य को सितम्बर, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्य वास्तुविद्, भवन निर्माण विभाग, पटना द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक बंदी कक्ष में रात्रि शौचालय के निर्माण कार्य का प्रावधान सुनिश्चित किया जाय। जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि सभी बैरक में रात्रि शौचालय का प्रावधान पूर्व से ही है।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा बताया गया कि शहीद जुब्बा सहनी, केन्द्रीय कारा, भागलपुर के अन्दर 198 बंदी क्षमता के एक अद्द बंदी कक्ष का निरूपण नक्शा उन्हें प्राप्त है एवं प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर को निदेश दिया गया कि उप कारा, कहलगाँव का निर्माण कार्य 31.12.2026 तक पूर्ण करा लिया जाय।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर**

- कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा के द्वारा बताया गया कि मंडल कारा में 4X198 कैदी बैरक का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2026 में पूर्ण कर लिया जाएगा। पेरीमीटर वॉल के उपर हाई टेंशन तार गुजरने के कारण कार्य बाधित है। जिसे शीघ्र दूर कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा के द्वारा बताया गया कि उप कारा, उदाकिशुनगंज में छत ढ़लाई कार्य पूर्ण है, परन्तु निर्माण कार्य लंबे समय से रूका हुआ है। कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि संवेदक को Rescind कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाय।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर को निदेशित किया गया कि महिला मंडल कारा, भागलपुर का कार्य अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है। उक्त कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाय।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल के द्वारा बताया गया कि मंडल कारा, अरवल के निर्माण कार्य हेतु पुनरीक्षित प्रशासनीक स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह कार्य 15 सितम्बर, 2026 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल**

* कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सर के द्वारा बताया गया कि केन्द्रीय कारा, बक्सर में संसीमन केन्द्र का निर्माण कार्य का प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता (निरूपण) को उपलब्ध कराया गया है।

**अनुपालनः—मुख्य वास्तुविद्/मुख्य अभियंता (निरूपण), भवन निर्माण विभाग, पटना**

* कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सुपौल के द्वारा बताया गया कि उप कारा निर्मली का संशोधित निरूपण नक्शा उपलब्ध होने के उपरान्त प्राक्कलन तैयार किया जाएगा।

**अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सुपौल**

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

ह0/—
**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**
अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांक—डी0डी0—1—विविध—49/05/2025—26(पार्ट—VII)________ दिनांक—__________
प्रतिलिपिः—प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, गृह (कारा) विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/—
अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांक—डी0डी0—1—विविध—49/05/2025—26(पार्ट—VII) 7451(38) दिनांक— 10/08/26
प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब—साईट पर अपलोड करने एवं सभी संबंधित को भेजने हेतु प्रेषित।

10.8.26

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त
—सह—विशेष सचिव